This question paper contains 4+2 printed pages]

456

M.A. (Final) Examination, 2022

HINDI LITERATURE

Paper II

साहित्यशास्त्र

Time Allowed : Three Hours

Maximum Marks : 100

*This question paper contains **three** sections as under :*

Section-A **खण्ड 'अ'** ***Max. Marks-10***

*This section contains **one** compulsory question with **10** parts. Answer of each part should not exceed **20** words. **All** questions carry equal marks.*

*इस खण्ड में **एक** अनिवार्य प्रश्न है जिसमें **10** भाग हैं। प्रत्येक भाग का उत्तर **20** शब्दों से अधिक न हो। **सभी** प्रश्नों के अंक समान हैं।*

Section-B **खण्ड 'ब'** ***Max. Marks-50***

*This section contains **10** questions. Attempt **5** questions in all, selecting **one** question from each unit. Answer of each question should not exceed **250** words. **All** questions carry equal marks.*

*इस खण्ड में **10** प्रश्न हैं। प्रत्येक इकाई से **एक** प्रश्न का चयन करते हुए कुल **5** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **250** शब्दों से अधिक न हो। **सभी** प्रश्नों के अंक समान हैं।*

Section-C **खण्ड 'स'** ***Max. Marks-40***

*This section contains **4** questions (questions may have sub-divisions). This section will cover all units but not more than one question from each unit. Attempt **2** questions in all. Answer of each question should not exceed **500** words. **All** questions carry equal marks.*

*इस खण्ड में **4** प्रश्न हैं (प्रश्नों के उपभाग हो सकते हैं)। इस खण्ड में एक इकाई से अधिकतम एक प्रश्न होगा। कुल **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **500** शब्दों से अधिक न हो। **सभी** प्रश्नों के अंक समान हैं।*

https://pyqielo.com

खण्ड-अ

10

1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं :

(*i*) 'वाक्यं रसात्मकम् काव्यम्' उक्त उक्ति किस आचार्य द्वारा प्रतिपादित की गई है ?

(*ii*) ध्वनि-सिद्धान्त के प्रतिष्ठापक आचार्य कौन हैं ? उनके ध्वनि ग्रन्थ का नाम लिखिए।

(*iii*) "न कान्तमपि निर्भूषं विभाति वनितामुखम्" पंक्ति का आशय स्पष्ट कीजिए।

(*iv*) कुन्तक ने वक्रोति के कितने भेद बताये हैं ? उनके नाम लिखिए।

(*v*) लोंजाइनस के अनुसार काव्य की आत्मा क्या है ?

(*vi*) 'बायोग्राफिया लिटरेरिया' ग्रन्थ के रचनाकार का नाम लिखिए।

(*vii*) मनोविश्लेषणवाद से आप क्या समझते हैं ?

(*viii*) संरचनावाद की अवधारणा के प्रवर्तक कौन हैं ?

(*ix*) तुलनात्मक आलोचना का आशय स्पष्ट कीजिए।

(*x*) प्रतीक किसे कहते हैं ?

खण्ड-ब

इकाई-I

2. रस किसे कहते हैं ? रस के स्वरूप पर संक्षेप में प्रकाश डालिए। 10

अथवा

3. ध्वनि का अर्थ स्पष्ट करते हुए उसके प्रमुख भेदों की विवेचना कीजिए। 10

इकाई-II

4. औचित्य-सिद्धान्त पर प्रकाश डालिए। 10

अथवा

5. रीति की परम्परा का उल्लेख करते हुए रीति-सम्प्रदाय पर सारगर्भित लेख लिखिए। 10

इकाई-III

6. कौलरिज के कल्पना सिद्धान्त पर संक्षिप्त प्रकाश डालिए। 10

https://pyqlelo.com

अथवा

7. क्रोचे के अभिव्यंजनावाद पर विचार प्रकट करते हुए इसकी सीमाओं का उल्लेख कीजिए। 10

इकाई-IV

8. अस्तित्ववाद से आप क्या समझते हैं ? इसकी प्रमुख मान्यताओं पर संक्षिप्त प्रकाश डालिए। 10

अथवा

9. स्वच्छन्दतावाद की प्रमुख प्रवृत्तियों का वर्णन कीजिए। 10

इकाई-V

10. व्याख्यात्मक आलोचना की मान्यताओं पर प्रकाश डालिए। 10

अथवा

11. प्रतीक और बिम्ब में साम्य-वैषम्य बताइये। 10

खण्ड-स

12. ध्वनि विरोधी मतों की विवेचना करते हुए प्रमाणित कीजिए कि 'काव्य की आत्मा ध्वनि है'। 20

13. वक्रोति के स्वरूप को स्पष्ट करते हुए उसके भेदों का सोदाहरण उल्लेख कीजिए। 20

14. अरस्तू के 'विरेचन सिद्धान्त' का सविस्तार विवेचन कीजिए। 20

15. निम्न में से किन्हीं दो पर टिप्पणी लिखिए : 20

(*i*) विखण्डनवाद

(*ii*) शैलीविज्ञान

(*iii*) फैंटेसी

(*iv*) मार्क्सवाद

(*v*) उत्तर-संरचनावाद।

https://pyqlelo.com